-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चारपहिया वाहनों में अवैध रुप से लगी काली फिल्मो के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान। साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतीज्ञा सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 24.02.2026 को यातायात पुलिस द्वारा जनपद में वाहनों में अवैध रूप से लगी **काली फिल्म** के विरुद्ध एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। साथ ही आम जनमानस से भी अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने वाहनों में किसी भी प्रकार की काली फिल्म ना लगाए तथा जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।